# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-802**
**दिनांक-15.05.2026**

## जोन-पूर्वी/थाना-गुडम्बा

- **वादिनी को शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाले आरोपी/अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01- संक्षिप्त विवरण**

वादिनी मुकदमा द्वारा दिनांक 27.09.2025 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 403/2025 धारा 69/316(2)/351(3) बीएनएस बावत बाबत अभियुक्त गौरव वर्मा द्वारा वादिनी से शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाना व तस्वीरें वायरल करने की धमकी देना व वादिनी से 10,000/- रुपये व लैपटाप ले लेना, वादिनी द्वारा शादी का दबाव डालने व लैपटॉप मागने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में विरुद्ध गौरव वर्मा पुत्र अज्ञात निवासी हरीलाल नगर अतरौली थाना-गुडम्बा लखनऊ पंजीकृत कराया गया।

जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह द्वारा संपादित की जा रही है। आज दिनांक 15.05.2026 को पतारसी सुरागरसी के क्रम में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गौरव वर्मा पुत्र कृष्ण कुमार निवासी हालपता- ग्राम पैकरामऊ थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ मूल पता- ग्राम कालूपुर थाना विसंवा जनपद सीतापुर उम्र 25 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर कुर्सी रोड बेहटा से गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-माड्यूस आपरेंडी-**

अभियुक्त द्वारा वादिनी से शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाना व तस्वीरें वायरल करने की धमकी देना व वादिनी से 10,000/- रुपये व लैपटाप ले लेना, वादिनी द्वारा शादी का दबाव डालने व लैपटॉप मागने पर जान से मारने की धमकी देने का अपराध कारित किया गया है ।

**03-अनावरित अभियोग का विवरण-**

01-मु0अ0सं0 403/2025 धारा 69/316(2)/351(3) बी.एन.एस.थाना गुडम्बा लखनऊ।

**04-गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व व्यवसाय**

01-गौरव वर्मा पुत्र कृष्ण कुमार निवासी हालपता- ग्राम पैकरामऊ थाना गुडम्बा लखनऊ मूल पता- ग्राम कालूपुर थाना विसंवा जनपद सीतापुर उम्र 25 वर्ष

**05-गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थाना गुडम्बा लखनऊ**

1. SHO श्री अंजनी कुमार मिश्र
2. उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह
3. हे0का0 अवधेश कुमार
4. का0 प्रदीप कुमार सोनकर

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-798**

**दिनांक-15.05.2026**

## सर्विलांस सेल पूर्वी जोन एवं विभिन्न थानों की सीईआईआर पोर्टल रिकवरी टीम द्वारा कुल 101 अदद गुमशुदा मोबाइल फोन (कीमत लगभग 28 लाख रुपये) बरामद।

- **बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 28 लाख रुपये है।**
- **बरामद मोबाइल फोन लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों एवं अन्य प्रदेशों से खोजकर बरामद किये गये।**
- **पुलिस उपायुक्त महोदया पूर्वी जोन द्वारा बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये।**
- **मोबाइल प्राप्त कर नागरिकों द्वारा लखनऊ पुलिस की सर्विलांस एवं रिकवरी टीम की सराहना की गयी।**
- **अभियान पुलिस आयुक्त लखनऊ महोदय के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन डॉ0 दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया।**

### *मोबाइल बरामदगी अभियान*

श्रीमान **पुलिस आयुक्त लखनऊ** श्री **अमरेन्द्र कुमार सिंह सेंगर**, श्रीमान **संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय)** श्रीमती **अपर्णा कुमार** एवं श्रीमान **संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था** श्री **बबलू कुमार** के निर्देशन में तथा **पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन** डॉ0 **दीक्षा शर्मा** के नेतृत्व एवं **अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी** श्री **अमोल मुरकुट** के निकट पर्यवेक्षण में नागरिकों के गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के क्रम में **सर्विलांस टीम कार्यालय पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन** द्वारा जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों को तकनीकी माध्यमों एवं **सीईआईआर पोर्टल** पर सर्विलांस के माध्यम से ट्रेस कर मोबाइल फोन बरामद करने की कार्यवाही की गयी।

---

### *101 मोबाइल फोन किये गये बरामद*

पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन डॉ0 **दीक्षा शर्मा** एवं अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्री **अमोल मुरकुट** के कुशल निर्देशन में **सर्विलांस सेल पूर्वी टीम** एवं पूर्वी जोन के समस्त थानों की **सीईआईआर रिकवरी टीम** द्वारा अथक परिश्रम एवं लगन के फलस्वरूप विभिन्न कम्पनियों के कुल **101 अदद मोबाइल फोन** बरामद किये गये।

बरामद मोबाइल फोन लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों एवं अन्य प्रदेशों से खोजकर बरामद किये गये हैं। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग **28 लाख रुपये** आँकी गयी है।

---

### *वास्तविक स्वामियों को लौटाये गये मोबाइल फोन*

आज दिनांक **15.05.2026** को बरामद किये गये मोबाइल फोन **पुलिस उपायुक्त महोदया पूर्वी जोन** द्वारा उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये।

अपने खोये हुए मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर नागरिकों द्वारा अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा **सर्विलांस सेल पूर्वी जोन** एवं विभिन्न थानों की **सीईआईआर रिकवरी टीम** की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। साथ ही नागरिकों द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत किये जाने का अनुरोध भी किया गया।

*बरामदगी का विवरण*

- ✅ **101 अदद मोबाइल फोन**
- ✅ अनुमानित कीमत लगभग **28 लाख रुपये**

---

## *मोबाइल बरामद करने वाली पुलिस टीम*

*सर्विलांस/क्राइम टीम पूर्वी जोन लखनऊ*

1. **उ0नि0 अमरनाथ चौरसिया**
2. **मु0आ0 सन्दीप पाण्डेय**
3. **मु0आ0 अमित सिंह**
4. **आ0 तरनजीत सिंह**
5. **आ0 विमल चन्द्र**
6. **आ0 प्रदीप कुमार**
7. **आ0 शिवानन्द खरवार**
8. **आ0 अजय यादव**
9. **आ0 दलवीर सिंह**

---

*सीईआईआर पोर्टल रिकवरी टीम*

1. **उ0नि0 प्रवीन चौधरी**, थाना गोमतीनगर
2. **उ0नि0 अभिषेक तिवारी**, थाना चिनहट
3. **उ0नि0 राजेश कुमार**, थाना गुडम्बा
4. **उ0नि0 सोनू राजपूत**, थाना बीबीडी
5. **का0 सूरज प्रजापति**, थाना चिनहट
6. **म0आ0 लता**, थाना गुडम्बा
7. **म0आ0 अमृता सिंह**, थाना गोमतीनगर

---

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-799**
**दिनांक-15.05.2026**

**जोन- पूर्वी/ थाना-गाजीपुर**

**लखनऊ पुलिस साइबर क्राइम सेल एवं एनजीओ 'प्रयास' द्वारा संयुक्त रूप से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित-स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक**

- *मॉडर्न एकेडमी स्कूल के कक्षा 07 एवं 08 के छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा की दी गयी महत्वपूर्ण जानकारी।*
- *बच्चों को सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत फोटो एवं निजी जानकारी साझा न करने तथा प्रोफाइल को प्राइवेट/लॉक रखने हेतु किया गया जागरूक।*
- *अनजान लिंक, मैसेज एवं फर्जी APK फाइल्स से होने वाले साइबर फ्रॉड एवं मोबाइल हैकिंग के बारे में दी गयी जानकारी।*
- *ऑनलाइन गेमिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर किया गया विस्तृत प्रस्तुतीकरण।*
- *संस्था 'प्रयास' द्वारा बच्चों को साइबर जागरूकता सम्बन्धी कॉमिक्स, पोस्टर एवं शैक्षिक सामग्री वितरित की गयी।*

### *कार्यक्रम का आयोजन*

कमिश्नरेट लखनऊ के निर्देशन में आज दिनांक **15.05.2026** को **लखनऊ पुलिस साइबर क्राइम सेल** एवं गैर सरकारी संस्था **'प्रयास'** के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष **साइबर जागरूकता कार्यक्रम** आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों को बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

### *कार्यक्रम का स्थान एवं सहभागिता*

यह जागरूकता कार्यक्रम **मॉडर्न एकेडमी स्कूल, लखनऊ** में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की कक्षा **07 एवं 08** के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के सम्बन्ध में व्यवहारिक एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।
विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे तथा साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी को गंभीरता से सुना।

### *साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक*

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी सोशल मीडिया, गेमिंग एप्लीकेशन, फर्जी लिंक एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

बच्चों को विशेष रूप से यह समझाया गया कि सोशल मीडिया पर अपनी **व्यक्तिगत फोटो, मोबाइल नम्बर, पता, बैंक सम्बन्धी जानकारी एवं अन्य निजी सूचनाएँ** साझा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। साथ ही उन्हें अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल को **प्राइवेट/लॉक** रखने एवं केवल परिचित व्यक्तियों को ही मित्र सूची में जोड़ने की सलाह दी गयी।

### *अनजान लिंक एवं फर्जी APK फाइल्स से बचाव की जानकारी*

लखनऊ पुलिस के **साइबर क्राइम सेल** के मुख्य आरक्षी **गौरव शुक्ला** द्वारा बच्चों को विस्तारपूर्वक बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये **लिंक, मैसेज, ओटीपी अथवा फाइल** को बिना सत्यापन खोले जाने से मोबाइल फोन एवं निजी डाटा हैक हो सकता है।

इसके अतिरिक्त बच्चों को मोबाइल फोन में डाउनलोड होने वाली **फर्जी APK फाइल्स एवं मालवेयर** के खतरों के बारे में भी जागरूक किया गया। बच्चों को बताया गया कि केवल विश्वसनीय एवं आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही एप्लीकेशन डाउनलोड करनी चाहिए।

---

### *ऑनलाइन गेमिंग एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर*

कार्यक्रम में बच्चों को **ऑनलाइन गेमिंग** के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गयी। उन्हें बताया गया कि गेमिंग प्लेटफॉर्म पर अनजान व्यक्तियों से बातचीत, पैसे का लेन-देन अथवा निजी जानकारी साझा करना खतरनाक हो सकता है।

इसके साथ ही बच्चों को इंटरनेट का सकारात्मक एवं सुरक्षित उपयोग करने, साइबर बुलिंग से बचने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी तत्काल अभिभावकों अथवा पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

---

### *कॉमिक्स, पोस्टर एवं जागरूकता सामग्री का वितरण*

कार्यक्रम के दौरान संस्था **'प्रयास'** द्वारा बच्चों को **साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित कॉमिक्स, पोस्टर एवं जागरूकता सामग्री** वितरित की गयी। इन सामग्रियों के माध्यम से बच्चों को सरल एवं रोचक तरीके से साइबर सुरक्षा के नियमों को समझाने का प्रयास किया गया।

बच्चों ने कार्यक्रम में रुचि लेते हुए साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल भाषा में उत्तर दिया गया।

---

### *विद्यालय प्रशासन एवं संस्था प्रतिनिधियों की उपस्थिति*

कार्यक्रम में संस्था **'प्रयास'** की कार्डिनेटर **सुश्री अनुषांगी खेमका**, विद्यालय के **प्रधानाचार्य**, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन द्वारा लखनऊ पुलिस एवं संस्था 'प्रयास' की इस पहल की सराहना करते हुए कहा गया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के सुरक्षित डिजिटल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

---

### *साइबर जागरूकता अभियान लगातार जारी*

लखनऊ पुलिस द्वारा आमजन, विशेषकर बच्चों एवं युवाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाये जा रहे हैं, ताकि समाज को सुरक्षित एवं जागरूक डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-800**
**दिनांक-15.05.2026**

## जोन-पूर्वी/थाना-चिनहट

- **बैंक में जाली नोट जमा करने वाले 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से 14 अदद 500-500 रू0 के नकली नोट व 26,000/- रू व 2,35,000/-रू0 जामा तलाशी से बरामद।**

**01-सक्षिप्त विवरण-**

थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-258/26 धारा 179 बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त सौरभ कुमार शुक्ला पुत्र हरिपाल शुक्ला निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा थाना परसपुर जनपद गोण्डा उम्र करीब 20 वर्ष लगभग को थाना चिनहट से गिफ्तार किया गया। जिसको हिरासत पुलिस में लेकर गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**02- कार्यवाही का विवरण-**

थाना स्थानीय पर दिनांक 14.05.2026 को वादी सुमित सिंह (शाखा प्रबन्धक) बैंक ऑफ बड़ौदा चिनहट शाखा लखनऊ द्वारा बैंक में नकली नोट जमा करने के संबन्ध में मु0अ0सं0-258/26 धारा 179 बीएनएस बनाम-1. सौरभ कुमार शुक्ला पुत्र हरिपाल शुक्ला निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा थाना परसपुर जनपद गोण्डा उम्र करीब 20 वर्ष पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 कपिल कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**अभियुक्त सौरभ कुमार शुक्ला उपरोक्त द्वारा देवा रोड पर सिराज कम्पलैक्स में स्थित बैंक आफ बड़ौदा में 33,000/-रू जमा करने हेतु गया था। जिसमें 14 नोट 500-500 रू के नकली नोट पाये जाने पर बैंक आफ बड़ौदा के मैंनेजर सुमित सिंह उपरोक्त द्वारा उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत कराया गया।**

अभियुक्त उपरोक्त से जांचकर्ता द्वारा गहनता से पुछताछ की गयी तो अभियुक्त द्वारा बताया कि मुझे नकली नोट के बारें में कोई जानकारी नही है। तथा अभियुक्त की जामातलाशी से बरामद कुल 2,35,000/- रू नगद के बारे में पुछा गया तो संतोषजनक जबाव न दे सका। अन्य बरामद रू0 व नकली नोटो के बार में जानकारी की जा रही है। अभियुक्त उपरोक्त को गिऱफ्तार आवश्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**03- गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01-सौरभ कुमार शुक्ला पुत्र हरिपाल शुक्ला निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा थाना परसपुर जनपद गोण्डा उम्र 20 वर्ष

**04-पंजीकृत/अनावरित अभियोग का विवरण-**

01-मु0अ0सं0 258/26 धारा -179 बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ।

**05-सौरभ शुक्ला का आपराधिक इतिहासः**

**नोट-** अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य थाना/इकाई/जनपदों से जानकारी की जा रही है।

**06- बरामदः-**

**01.** 14 नोट नकली 500-500 के कुल-7000/- रू।

**02.** 26,000/-रू नगद (नकली नोट को छोड़कर बचे शेष )

**03.** जामातलाशी से कुल 2,35,000 रू नगद।

**07- गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

01.उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार राय थाना चिनहट जनपद लखनऊ

02.उ0नि0 अभिषेक तिवारी थाना चिनहट जनपद लखनऊ

03.उ0नि0 विशाल यादव थाना चिनहट जनपद लखनऊ

04.उ0नि0 कपिल कुमार थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

05.का0 विनय शुक्ला थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-801**
**दिनांक-15.05.2026**

## जोन-पूर्वी/थाना-चिनहट

- **थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने वाले 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।**

**01-सक्षिप्त विवरण-**

थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-259/26 धारा 103(1)/191(2) बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त अल्ताब उर्फ  कल्लू पुत्र सइद  निवासी सफीनगर रुदौली थाना रूदौली जनपद फैजाबाद उम्र 25 वर्ष लगभग को इन्दिरा डैम के किनारे निकट जुग्गौर थाना क्षेत्र बीबीडी से गिफ्तार किया गया। जिसको हिरासत पुलिस में लेकर गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**02- कार्यवाही का विवरण-**

थाना स्थानीय पर दिनांक 14.05.2026 को **वादी अल्ताब उर्फ कल्लू पुत्र** सइद निवासी सफीनगर रुदौली थाना रूदौली जनपद फैजाबाद उम्र 25 वर्ष द्वारा अपनी पत्नी याशमीन 24 वर्ष गुम हो जाने के संबन्ध में गुमशुदगी सं0-069/2026 पंजीकृत करायी गयी ।

जिसकी जांच उ0नि0 तेज शुक्ला द्वारा तत्तकाल प्रभाव से संज्ञान में लिया गया। जांचकर्ता द्वारा गहनता से जांच क्रम में **गुमशुदा महिला उपरोक्त के पति से कड़ाई से पुछताछ की गयी तो पति अल्ताफ द्वारा बताया कि मैंने अपनी पत्नी याशमीन को गला घोटकर हत्या कर दी गयी है। जिसको मैनें इन्दिरा डैम के किनारे फेंक दिया है।**

तत्तकाल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त अल्ताफ की निशानदेही पर थाना बीबीडी क्षेत्र से मृतक महिला उपरोक्त का शव बरामद किया गया। तथा **मृतका के पिता मो0 सइद पुत्र अली अहमद निवासी-पुराना पोस्ट आफिस कसगर मोहल्ला चिनहट लखनऊ** की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर वादी की पुत्री याशमीन 24 वर्ष की उसके पति व घर वालों ने मिलकर हत्या कर देने के संबनन्ध में **मु0अ0सं0-259/26 धारा-103(1)/191(2) पंजीकृत बनाम- 01.अल्ताफ पुत्र सईद 02.अल्ताफ की मां 03.बहन सना 04.भाई रहमान 05.भौजाई रूबीना 06. अरशद के पंजीकृत किया गया।**

उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। तथा मौके से ही **अभियुक्त अल्ताफ उर्फ कल्लू उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।** जिसको गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अन्य अभियुक्तगण का घटना में संलिप्ता की जांच की जा रही है। बाद आवश्यक कार्यवाही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**03- गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01-अल्ताब उर्फ  कल्लू पुत्र सइद  निवासी सफीनगर  रुदौली थाना रूदौली जनपद फैजाबाद उम्र 25 वर्ष

**04-पंजीकृत/अनावरित अभियोग का विवरण-**

01-मु0अ0सं0 259/26 धारा -103(1)/191(2) बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ।

**05-अल्ताफ उर्फ कल्लू का आपराधिक इतिहासः**

01.मु0अ0सं0 454/24 धारा -305ए/317(2)/331(4)बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ।

02.मु0अ0सं0 525/24 धारा -305ए/317(2)/331(4)बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ।

**03.**मु0अ0सं0 387/22 धारा -392/411 भादवि थाना गाजीपुर लखनऊ।

**नोट-** अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य थाना/इकाई/जनपदों से जानकारी की जा रही है।

**04- गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

01.अति0नि0 श्री अमित कुमार सिंह थाना चिनहट लखनऊ

02.नि0 श्री अरविन्द द्विवेदी थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

03.उ0नि0 श्री तेज शुक्ला थाना चिनहट जनपद लखनऊ.

04.हे0का0 आनन्द सिंह थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

05.का0 रामपाल जयसवाल थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-798**
**दिनांक-15.05.2026**

## सर्विलांस सेल पूर्वी जोन एवं विभिन्न थानों की सीईआईआर पोर्टल रिकवरी टीम द्वारा कुल 101 अदद गुमशुदा मोबाइल फोन (कीमत लगभग 28 लाख रुपये) बरामद।

- **बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 28 लाख रुपये है।**
- **बरामद मोबाइल फोन लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों एवं अन्य प्रदेशों से खोजकर बरामद किये गये।**
- **पुलिस उपायुक्त महोदया पूर्वी जोन द्वारा बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये।**
- **मोबाइल प्राप्त कर नागरिकों द्वारा लखनऊ पुलिस की सर्विलांस एवं रिकवरी टीम की सराहना की गयी।**
- **अभियान पुलिस आयुक्त लखनऊ महोदय के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन डॉ0 दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया।**

### *मोबाइल बरामदगी अभियान*

श्रीमान **पुलिस आयुक्त लखनऊ** श्री **अमरेन्द्र कुमार सिंह सेंगर**, श्रीमान **संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय)** श्रीमती **अपर्णा कुमार** एवं श्रीमान **संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था** श्री **बबलू कुमार** के निर्देशन में तथा **पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन** डॉ0 **दीक्षा शर्मा** के नेतृत्व एवं **अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी** श्री **अमोल मुरकुट** के निकट पर्यवेक्षण में नागरिकों के गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के क्रम में **सर्विलांस टीम कार्यालय पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन** द्वारा जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों को तकनीकी माध्यमों एवं **सीईआईआर पोर्टल** पर सर्विलांस के माध्यम से ट्रेस कर मोबाइल फोन बरामद करने की कार्यवाही की गयी।

---

### *101 मोबाइल फोन किये गये बरामद*

पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन डॉ0 **दीक्षा शर्मा** एवं अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्री **अमोल मुरकुट** के कुशल निर्देशन में **सर्विलांस सेल पूर्वी टीम** एवं पूर्वी जोन के समस्त थानों की **सीईआईआर रिकवरी टीम** द्वारा अथक परिश्रम एवं लगन के फलस्वरूप विभिन्न कम्पनियों के कुल **101 अदद मोबाइल फोन** बरामद किये गये।

बरामद मोबाइल फोन लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों एवं अन्य प्रदेशों से खोजकर बरामद किये गये हैं। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग **28 लाख रुपये** आँकी गयी है।

---

### *वास्तविक स्वामियों को लौटाये गये मोबाइल फोन*

आज दिनांक **15.05.2026** को बरामद किये गये मोबाइल फोन **पुलिस उपायुक्त महोदया पूर्वी जोन** द्वारा उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये।

अपने खोये हुए मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर नागरिकों द्वारा अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा **सर्विलांस सेल पूर्वी जोन** एवं विभिन्न थानों की **सीईआईआर रिकवरी टीम** की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। साथ ही नागरिकों द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत किये जाने का अनुरोध भी किया गया।

## *बरामदगी का विवरण*

- **101 अदद मोबाइल फोन**
- अनुमानित कीमत लगभग **28 लाख रुपये**

---

## *मोबाइल बरामद करने वाली पुलिस टीम*

### *सर्विलांस/क्राइम टीम पूर्वी जोन लखनऊ*

1. **उ0नि0 अमरनाथ चौरसिया**
2. **मु0आ0 सन्दीप पाण्डेय**
3. **मु0आ0 अमित सिंह**
4. **आ0 तरनजीत सिंह**
5. **आ0 विमल चन्द्र**
6. **आ0 प्रदीप कुमार**
7. **आ0 शिवानन्द खरवार**
8. **आ0 अजय यादव**
9. **आ0 दलवीर सिंह**

---

### *सीईआईआर पोर्टल रिकवरी टीम*

1. **उ0नि0 प्रवीन चौधरी**, थाना गोमतीनगर
2. **उ0नि0 अभिषेक तिवारी**, थाना चिनहट
3. **उ0नि0 राजेश कुमार**, थाना गुडम्बा
4. **उ0नि0 सोनू राजपूत**, थाना बीबीडी
5. **का0 सूरज प्रजापति**, थाना चिनहट
6. **म0आ0 लता**, थाना गुडम्बा
7. **म0आ0 अमृता सिंह**, थाना गोमतीनगर

---

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-799**
**दिनांक-15.05.2026**

**जोन- पूर्वी/ थाना-गाजीपुर**

**लखनऊ पुलिस साइबर क्राइम सेल एवं एनजीओ 'प्रयास' द्वारा संयुक्त रूप से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित-स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक**

- *मॉडर्न एकेडमी स्कूल के कक्षा 07 एवं 08 के छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा की दी गयी महत्वपूर्ण जानकारी।*
- *बच्चों को सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत फोटो एवं निजी जानकारी साझा न करने तथा प्रोफाइल को प्राइवेट/लॉक रखने हेतु किया गया जागरूक।*
- *अनजान लिंक, मैसेज एवं फर्जी APK फाइल्स से होने वाले साइबर फ्रॉड एवं मोबाइल हैकिंग के बारे में दी गयी जानकारी।*
- *ऑनलाइन गेमिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर किया गया विस्तृत प्रस्तुतीकरण।*
- *संस्था 'प्रयास' द्वारा बच्चों को साइबर जागरूकता सम्बन्धी कॉमिक्स, पोस्टर एवं शैक्षिक सामग्री वितरित की गयी।*

### *कार्यक्रम का आयोजन*

कमिश्नरेट लखनऊ के निर्देशन में आज दिनांक **15.05.2026** को **लखनऊ पुलिस साइबर क्राइम सेल** एवं गैर सरकारी संस्था **'प्रयास'** के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष **साइबर जागरूकता कार्यक्रम** आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों को बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

### *कार्यक्रम का स्थान एवं सहभागिता*

यह जागरूकता कार्यक्रम **मॉडर्न एकेडमी स्कूल, लखनऊ** में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की कक्षा **07 एवं 08** के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के सम्बन्ध में व्यवहारिक एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे तथा साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी को गंभीरता से सुना।

### *साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक*

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी सोशल मीडिया, गेमिंग एप्लीकेशन, फर्जी लिंक एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

बच्चों को विशेष रूप से यह समझाया गया कि सोशल मीडिया पर अपनी **व्यक्तिगत फोटो, मोबाइल नम्बर, पता, बैंक सम्बन्धी जानकारी एवं अन्य निजी सूचनाएँ** साझा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। साथ ही उन्हें अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल को **प्राइवेट/लॉक** रखने एवं केवल परिचित व्यक्तियों को ही मित्र सूची में जोड़ने की सलाह दी गयी।

## *अनजान लिंक एवं फर्जी APK फाइल्स से बचाव की जानकारी*

लखनऊ पुलिस के **साइबर क्राइम सेल** के मुख्य आरक्षी **गौरव शुक्ला** द्वारा बच्चों को विस्तारपूर्वक बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये **लिंक, मैसेज, ओटीपी अथवा फाइल** को बिना सत्यापन खोले जाने से मोबाइल फोन एवं निजी डाटा हैक हो सकता है।

इसके अतिरिक्त बच्चों को मोबाइल फोन में डाउनलोड होने वाली **फर्जी APK फाइल्स एवं मालवेयर** के खतरों के बारे में भी जागरूक किया गया। बच्चों को बताया गया कि केवल विश्वसनीय एवं आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही एप्लीकेशन डाउनलोड करनी चाहिए।

---

## *ऑनलाइन गेमिंग एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर*

कार्यक्रम में बच्चों को **ऑनलाइन गेमिंग** के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गयी। उन्हें बताया गया कि गेमिंग प्लेटफॉर्म पर अनजान व्यक्तियों से बातचीत, पैसे का लेन-देन अथवा निजी जानकारी साझा करना खतरनाक हो सकता है।

इसके साथ ही बच्चों को इंटरनेट का सकारात्मक एवं सुरक्षित उपयोग करने, साइबर बुलिंग से बचने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी तत्काल अभिभावकों अथवा पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

---

## *कॉमिक्स, पोस्टर एवं जागरूकता सामग्री का वितरण*

कार्यक्रम के दौरान संस्था **'प्रयास'** द्वारा बच्चों को **साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित कॉमिक्स, पोस्टर एवं जागरूकता सामग्री** वितरित की गयी। इन सामग्रियों के माध्यम से बच्चों को सरल एवं रोचक तरीके से साइबर सुरक्षा के नियमों को समझाने का प्रयास किया गया।

बच्चों ने कार्यक्रम में रुचि लेते हुए साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल भाषा में उत्तर दिया गया।

---

## *विद्यालय प्रशासन एवं संस्था प्रतिनिधियों की उपस्थिति*

कार्यक्रम में संस्था **'प्रयास'** की कार्डिनेटर **सुश्री अनुषांगी खेमका**, विद्यालय के **प्रधानाचार्य**, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन द्वारा लखनऊ पुलिस एवं संस्था 'प्रयास' की इस पहल की सराहना करते हुए कहा गया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के सुरक्षित डिजिटल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

---

## *साइबर जागरूकता अभियान लगातार जारी*

लखनऊ पुलिस द्वारा आमजन, विशेषकर बच्चों एवं युवाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाये जा रहे हैं, ताकि समाज को सुरक्षित एवं जागरूक डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-801**
**दिनांक-15.05.2026**

## जोन-पूर्वी/थाना-चिनहट

- **थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने वाले 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-सक्षिप्त विवरण-**

थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-259/26 धारा 103(1)/191(2) बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त अल्ताब उर्फ कल्लू पुत्र सइद निवासी सफीनगर रुदौली थाना रूदौली जनपद फैजाबाद उम्र 25 वर्ष लगभग को इन्दिरा डैम के किनारे निकट जुग्गौर थाना क्षेत्र बीबीडी से गिफ्तार किया गया। जिसको हिरासत पुलिस में लेकर गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**02- कार्यवाही का विवरण-**

थाना स्थानीय पर दिनांक 14.05.2026 को **वादी अल्ताब उर्फ कल्लू पुत्र** सइद निवासी सफीनगर रुदौली थाना रूदौली जनपद फैजाबाद उम्र 25 वर्ष द्वारा अपनी पत्नी याशमीन 24 वर्ष गुम हो जाने के संबन्ध में गुमशुदगी सं0-069/2026 पंजीकृत करायी गयी।

जिसकी जांच उ0नि0 तेज शुक्ला द्वारा तत्तकाल प्रभाव से संज्ञान में लिया गया। जांचकर्ता द्वारा गहनता से जांच क्रम में **गुमशुदा महिला उपरोक्त के पति से कड़ाई से पुछताछ की गयी तो पति अल्ताफ द्वारा बताया कि मैंने अपनी पत्नी याशमीन को गला घोटकर हत्या कर दी गयी है। जिसको मैनें इन्दिरा डैम के किनारे फेंक दिया है।**

तत्तकाल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त अल्ताफ की निशानदेही पर थाना बीबीडी क्षेत्र से मृतक महिला उपरोक्त का शव बरामद किया गया। तथा **मृतका के पिता मो0 सइद पुत्र अली अहमद निवासी-पुराना पोस्ट आफिस कसगर मोहल्ला चिनहट लखनऊ** की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर वादी की पुत्री याशमीन 24 वर्ष की उसके पति व घर वालों ने मिलकर हत्या कर देने के संबनन्ध में **मु0अ0सं0-259/26 धारा-103(1)/191(2) पंजीकृत बनाम- 01.अल्ताफ पुत्र सईद 02.अल्ताफ की मां 03.बहन सना 04.भाई रहमान 05.भौजाई रूबीना 06. अरशद के पंजीकृत किया गया।**

उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। तथा मौके से ही **अभियुक्त अल्ताफ उर्फ कल्लू उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।** जिसको गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अन्य अभियुक्तगण का घटना में संलिप्ता की जांच की जा रही है। बाद आवश्यक कार्यवाही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**03- गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01-अल्ताब उर्फ कल्लू पुत्र सइद निवासी सफीनगर रुदौली थाना रूदौली जनपद फैजाबाद उम्र 25 वर्ष

**04-पंजीकृत/अनावरित अभियोग का विवरण-**

01-मु0अ0सं0 259/26 धारा -103(1)/191(2) बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ।

**05-अल्ताफ उर्फ कल्लू का आपराधिक इतिहासः**

01.मु0अ0सं0 454/24 धारा -305ए/317(2)/331(4)बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ।

02.मु0अ0सं0 525/24 धारा -305ए/317(2)/331(4)बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ।

**03.**मु0अ0सं0 387/22 धारा -392/411 भादवि थाना गाजीपुर लखनऊ।

**नोट-** अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य थाना/इकाई/जनपदों से जानकारी की जा रही है।

**04- गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

01.अति0नि0 श्री अमित कुमार सिंह थाना चिनहट लखनऊ

02.नि0 श्री अरविन्द द्विवेदी थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

03.उ0नि0 श्री तेज शुक्ला थाना चिनहट जनपद लखनऊ.

04.हे0का0 आनन्द सिंह थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

05.का0 रामपाल जयसवाल थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-V

**मिशन शक्ति 5.0"जागरूकता जगाएं, मिशन शक्ति से जुड़ें, सुरक्षित और सशक्त समाज बनाएं।"**

**थाना बंथरा की टीम द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बंथरा पर छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर महिला अपराध, साइबर क्राइम व यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर अपराध व अपराध से बचाव को लेकर किया गया जागरूक।**

**दिनांक- 15.05.2026**

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना बंथरा टीम द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बंथरा पर मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

**आयोजक/ अयोजन स्थल**

- महिला उप-निरीक्षक गुलाब कली, थाना बंथरा, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला उप-निरीक्षक नेहा यादव, थाना बंथरा, लखनऊ कमिश्नरेट
- उप-निरीक्षक रमेश चंद्र, थाना बंथरा, लखनऊ कमिश्नरेट
- उच्च प्राथमिक विद्यालय थाना बंथरा लखनऊ ।

**प्रतिभाग-**

- महिला उप-निरीक्षक गुलाब कली, थाना बंथरा, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला उप-निरीक्षक नेहा यादव, थाना बंथरा, लखनऊ कमिश्नरेट
- उप-निरीक्षक रमेश चंद्र, थाना बंथरा, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी रामा गुड़िया, थाना बंथरा, लखनऊ कमिश्नरेट
- उच्च प्राथमिक विद्यालय थाना बंथरा लखनऊ में छात्राएं एवं अध्यापिका।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

लखनऊ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए थाना बंथरा टीम द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, दिनांक 15.05.2026 को उच्च प्राथमिक विद्यालय बंथरा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राए एवं अध्यापिका ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अपराध, साइबर अपराध से बचाव, सी.ई.आई.आर. पोर्टल, यूपी कॉप ऐप के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों - जैसे 1090 (महिला पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवाएं), 108 (एम्बुलेंस), 1098 (चाइल्डलाइन) और 1076 (टोल-फ्री हेल्पलाइन) - से अवगत कराया गया। महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका को समझाया गया तथा बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## सारांश:

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चो को अपराधों के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें यह आत्मविश्वास देना था कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है। उन्हें डरने के बजाय, किसी भी अनहोनी की स्थिति में तुरंत 1090 या 112 पर कॉल करके मदद लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

**दिनांक- 15.05.2026**

## मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक: महिला थाना हजरतगंज  पुलिस ने सिखाए सुरक्षा के गुर

**महिला थाना हजरतगंज टीम द्वारा 'मिशन शक्ति 5.0' के बी. एस.एन. वी  गर्ल्स इंटर कॉलेज, के छात्र/छात्राओं को को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध, सरकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करके यूपी-कॉप के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक।**

कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस द्वारा युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए महिला थाना हजरतगंज में बी.एस.एन गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं को 'मिशन शक्ति 5.0' और एंटी रोमियो अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजक/स्थान-**

- महिला उपनिरीक्षक पूनम त्रिपाठी, महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- उपनिरीक्षक हरि मोहन ओझा महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- उपनिरीक्षक अंकित कुमार महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला आरक्षी दीक्षा गुप्ता महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला थाना प्रथम हजरतगंज द्वारा बी.एस.एन गर्ल्स इंटर कॉलेज के छात्राओं को जागरूक किया।

**प्रतिभाग-**

- महिला उपनिरीक्षक पूनम त्रिपाठी, महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- उपनिरीक्षक हरि मोहन ओझा महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- उपनिरीक्षक अंकित कुमार महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला आरक्षी दीक्षा गुप्ता महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला आरक्षी कुसुम कनौजिया महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला आरक्षी शालिनी महिला थाना हजरतगंज कमिश्नरेट लखनऊ।
- महिला थाना प्रथम हजरतगंज द्वारा थाना हाजा पर बी.एस.एन गर्ल्स इंटर कॉलेज के बालक / बालिकाऐं / अध्यापक / अध्यापिका भी शामिल रहे।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के क्रम में आज, दिनांक 15 मई 2026 को, महिला थाना हजरतगंज द्वारा थाना हाजा पर बी.एस.एन गर्ल्स इंटर कॉलेज पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में थाना हाजा पर बी.एस.एन गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं व अध्यापकगण को आत्मरक्षा के प्रति सजग बनाना और उन्हें सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुरक्षा सुविधाओं से अवगत कराना था। मिशन शक्ति 5.0 के तहत एंटी रोमियो मय टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति केंद्र के बारे में मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों,उद्देश्य तथा इस केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के संबंध में जागरुक किया गया।

## प्रमुख बिंदु एवं दी गई जानकारियां:

- **मिशन शक्ति केंद्र का महत्व:** पुलिस अधिकारियों द्वारा छात्राओं को बताया गया कि मिशन शक्ति केंद्र उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। यहाँ महिलाएं बिना किसी संकोच के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं, जहाँ उनकी गोपनीयता का पूर्ण सम्मान किया जाता है।
- **हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:** उन्हें **1090 (वूमेन पावर लाइन)**, **112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)**, **181 (महिला हेल्पलाइन)** और **1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)** जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में विस्तार से बताया जाता है
- **साइबर अपराध से बचाव:** आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर फ्रॉड और सोशल मीडिया के खतरों के प्रति छात्राओं को सचेत किया गया। उन्हें अनजान लिंक पर क्लिक न करने, अपनी निजी जानकारी साझा न करने और साइबर क्राइम होने पर तत्काल रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया गया।
- **थाना भ्रमण:** छात्राओं को पुलिस स्टेशन की कार्यप्रणाली दिखाने के लिए भ्रमण कराया जाता है, ताकि पुलिस के प्रति उनका डर कम हो और वे अपनी शिकायतें निडर होकर दर्ज करा सकें।
- **कानूनी अधिकार:** छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, 'गुड टच-बैड टच' और साइबर अपराधों (जैसे ऑनलाइन फ्रॉड या सोशल मीडिया हैकिंग) से बचाव के तरीकों के प्रति सचेत किया जाता है [3, 4]।
- **आत्मरक्षा के गुर:** कई कार्यक्रमों में छात्राओं को आत्मरक्षा (Self-defense) के बुनियादी तरीके भी सिखाए जाते हैं ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति का सामना कर सकें [4]।

## कार्यक्रम का उद्देश्य (Objectives):

- **बालिकाओं का सशक्तीकरण:** छात्राओं के भीतर आत्मविश्वास जगाना ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में डरे नहीं, बल्कि डटकर सामना करें।
- **कानूनी व डिजिटल साक्षरता:** बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा कानूनों और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीकों (Cyber Safety) के प्रति जागरूक करना।
- **पुलिस-पब्लिक समन्वय:** पुलिस और जनता (विशेषकर युवाओं) के बीच की दूरी को कम करना, ताकि छात्राएं पुलिस को अपना मित्र समझें और बिना झिझक अपनी बात कह सकें।
- **अपराध पर अंकुश:** त्वरित सहायता नंबरों (1090, 112) के प्रचार-प्रसार से संभावित अपराधों को रोकने के लिए एक सुरक्षित माहौल तैयार करना।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

**"मिशन शक्ति 5.0**

**महिलाओं व बालिकाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा साइबर अपराधों से बचाव हेतु किया जागरूक।**

**दिनांक- 15.05.2026**

**महिला थाना द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना बीकेटी क्षेत्रान्तर्गत बीकेटी कॉलेज व बडी बाजार के पास महिलाओं, बालिकाओं व छोटे बच्चों को पम्पलेट वितरण करके महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने और उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।**

महिला सशक्तिकरण उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल, "मिशन शक्ति महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय और सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करता है जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण, या किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना कर रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण और पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है।

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

- महिला आरक्षी रेनू राय, महिला थाना द्वितीय, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी मनु व्हाइट, महिला थाना द्वितीय, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला थाना द्वितीय द्वारा थाना बीकेटी क्षेत्रान्तर्गत बीकेटी इंटर कालेज व बडी बाजार के पास।

**प्रतिभाग-**

- ✓ महिला आरक्षी रेनू राय, महिला थाना द्वितीय, लखनऊ कमिश्नरेट
- ✓ महिला आरक्षी मनु व्हाइट, महिला थाना द्वितीय, लखनऊ कमिश्नरेट
- ✓ महिला आरक्षी सीमा कुमारी, महिला थाना द्वितीय, लखनऊ कमिश्नरेट
- ✓ महिला आरक्षी आंचल तिवारी, महिला थाना द्वितीय, लखनऊ कमिश्नरेट
- ✓ महिला थाना द्वितीय द्वारा थाना बीकेटी क्षेत्रान्तर्गत बीकेटी इंटर कालेज व बडी बाजार के पास महिलाओ एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 15.05.2026 को मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत महिला थाना द्वितीय द्वारा थाना बीकेटी क्षेत्रान्तर्गत बीकेटी कॉलेज व बड़ी बाजार के पास महिलाओं ,बालिकाओं व छोटे बच्चों को पम्पलेट वितरण किया।

बच्चों/महिलाओं को महिलाओ की सुरक्षा, नारी स्वलम्बन, साईबर जागरूकता आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति के तहत विभिन्न हेल्प लाईन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन 108 एंबुलेंस सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं up cop आदि के साथ महिलाओ को समर्पित सरकारी योजनाओ के बारे में जागरूक किया गया।

"मिशन शक्ति 5.0 हमारे समाज के लिए एक सुदृढ़ और प्रगतिशील भविष्य की नींव रखने का प्रतीक है। यह मिशन ऐसे समाज के निर्माण के संकल्प को दर्शाता है, जहाँ हर बच्चा, विशेष रूप से बच्चियाँ, सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त होकर अपने सपनों का भविष्य गढ़ सकें। इसका उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनके सफर में एक मार्गदर्शक और सहयोगी की भूमिका निभाना है, ताकि वे हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें और देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे सकें।"

### उद्देश्य:

1. **जागरूकता का प्रसार:** महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करना। इसमें नारी स्वावलंबन, साइबर सुरक्षा और 'गुड टच-बैड टच' जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।
2. **मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका से परिचय कराना:** आम जनता, विशेष रूप से महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्रों के कार्यों, उद्देश्यों और उपलब्ध सेवाओं (जैसे कानूनी सहायता, परामर्श, संरक्षण) की जानकारी देना ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर इनका लाभ उठा सकें।
3. **हेल्पलाइन सेवाओं का प्रचार-प्रसार:** महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न आपातकालीन और सहायता सेवाओं (जैसे 1090, 181, 112, 1098, 1930 आदि) के बारे में व्यापक पैमाने पर जानकारी पहुँचाना, ताकि संकट की स्थिति में तुरंत मदद ली जा सके।
4. **सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना:** एक ऐसे सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण का निर्माण करना जहाँ महिलाएं और बच्चे बिना किसी भय के अपना विकास कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।
5. **सामुदायिक सहभागिता:** एंटी-रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम के माध्यम से सीधे तौर पर समुदाय तक पहुँचकर, सुरक्षा और जागरूकता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-II

**"मिशन शक्ति 5.0-शिक्षित नारी, सशक्त समाज, मिशन शक्ति का यही प्रयास"**

**थाना माल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजाखेड़ा थाना माल लखनऊ में "मिशन शक्ति 5.0" अभियान, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों,सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर सिखाए आत्मरक्षा के प्रभावी तरीके।**

दिनांक –15.05.2026

**लखनऊ, दिनांक: 22 अक्टूबर, 2025** - पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के तहत थाना माल क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

श्रीमान पुलिस आयुक्त, लखनऊ, के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इस क्रम में, जनपद के 54 थानों पर **मिशन शक्ति केंद्र** स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समर्पित अधिकारियों (निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक) की नियुक्ति की गई है।

***आयोजन/आयोजन स्थल-***

- ✓ म0उ0नि0 श्रीमती खुशबू यादव थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ म0का0 326 शिल्पा चौधरी थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ थाना **माल क्षेत्र**, लखनऊ के अंतर्गतग ग्राम राजाखेड़ा थाना माल लखनऊ में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**आयोजक टीम-**

- म0उ0नि0 श्रीमती खुशबू यादव थाना माल कमिश्नरेट लखनऊ।
- म0का0 326 शिल्पा चौधरी थाना माल कमिश्नरेट लखनऊ।
- थाना माल के अन्य महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:-**

थाना **माल क्षेत्र,** लखनऊ के अंतर्गत ग्राम राजाखेड़ा थाना माल लखनऊ में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके **कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं** एवं **आत्मरक्षा के तरीकों** के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं को क्रियाशील किया गया है, जिनमें महिला हेल्पलाइन, स्मार्ट सिटी कैमरे, और फील्ड पुलिस पेट्रोलिंग जैसे उपाय शामिल हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने के तरीकों पर शिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देना

कार्यक्रम के दौरान टीम ने महिलाओं को बताया कि **उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु** कई प्रभावी सेवाएँ संचालित की जा रही हैं, जैसे:

- **1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन)**
- **181 (महिला हेल्पलाइन)**
- **112 (आपातकालीन सेवा)**
- **1098 (चाइल्डलाइन)**
- **1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)**
- **UP-COP मोबाइल ऐप** का उपयोग

इसके साथ ही **स्मार्ट सिटी कैमरे**, **फील्ड पेट्रोलिंग यूनिट**, एवं **एंटी रोमियो स्क्वॉड** के कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

महिलाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में वे इन हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

## मुख्य जागरूकता बिंदु:-

1. महिलाओं को **आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता** के लिए प्रेरित किया गया।
2. **"गुड टच" और "बैड टच"** के माध्यम से संवेदनशील विषयों पर जागरूकता बढ़ाई गई।
3. **साइबर अपराधों से सुरक्षा** हेतु सावधानी और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई।
4. **बाल विवाह निषेध, महिला अधिकार एवं सरकारी योजनाओं** से संबंधित जानकारी दी गई।
5. उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं में जागरूकता हेतु **पम्फलेट और जानकारी पत्रक वितरित किए गए।**

## उद्देश्य एवं महत्व-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास करा रहा है, बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रख रहा है।

उत्तर प्रदेश पुलिस

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

**दिनांक- 15.05.2026**

**मिशन शक्ति 5.0- "शिक्षा की रोशनी, सुरक्षा की शक्ति, मड़ियांव पुलिस के साथ मिशन शक्ति!**

**थाना मड़ियांव टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत थाना मड़ियांव क्षेत्र के जीनियस कान्वेंट कॉलेज नौबस्ता में छात्र व छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध, सरकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करके यातायात एवं यूपी-कॉप के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक।**

मिशन शक्ति 5.0 उत्तर प्रदेश सरकार की एक अभूतपूर्व पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन और सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित और सक्षम बनाना है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण के लिए एक समग्र अभियान है।

**उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण** और **पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के** मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

- महिला उप-निरीक्षक किरन मौर्य, थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- उप-निरीक्षक मु0 रफअत उल्लाह थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी दिव्या शुक्ला थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी अंकिता राय थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- थाना क्षेत्र मड़ियांव के जीनियस कान्वेंट कॉलेज नौबस्ता में ।

**प्रतिभाग-**

- महिला उप-निरीक्षक किरन मौर्य, थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- उप-निरीक्षक मु0 रफअत उल्लाह थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला उप-निरीक्षक आरजू प्रजापति थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी दिव्या शुक्ला थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी किरन थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी अंकिता राय, थाना मड़ियांव लखनऊ कमिश्नरेट।
- थाना क्षेत्र मड़ियांव के जीनियस कान्वेंट कॉलेज नौबस्ता में जाकर छात्र व छात्राओं को किया गया जागरूक।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 15.05.2026 को थाना क्षेत्र मड़ियांव अन्तर्गत जीनियस कान्वेंट कॉलेज नौबस्ता मे जाकर पुलिस टीम द्वारा छात्र व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090,181,1076 एवं अन्य महत्वपूर्ण नंबरो के साथ ही महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्र (वीमेन पावर लाइन ), महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र व साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप, आदि के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा साइबर क्राइम से बचाव और सुरक्षा के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं(शिक्षा/ बैंक सुविधा/ विधवा पेंशन योजना व अन्य ) के बारे में जरिए पेम्फलेट महिला सशक्तिकरण संबंधी जागरुकता अभियान चलाया गया ।

## मिशन शक्ति 5.0: एक संक्षिप्त विवरण

मिशन शक्ति 5.0 उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जाने वाला एक विशेष अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है।

### मुख्य कार्यक्षेत्र एवं उद्देश्य:

1. सुरक्षा एवं सजगता: महिलाओं एवं छात्राओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों (जैसे यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा) से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना।
2. हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार-प्रसार: महिला हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 (वूमेन पावरलाइन), और 181 (महिला हेल्पलाइन) जैसे महत्वपूर्ण नंबरों से अवगत कराना, ताकि संकट की स्थिति में तुरंत मदद ली जा सके।
3. शिक्षा का महत्व: लड़कियों की शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें शैक्षिक अधिकारों के प्रति सजग करना।
4. कानूनी अधिकारों की जानकारी: महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और संरक्षण प्रदान करने वाले कानूनों (जैसे POCSO अधिनियम) की जानकारी देना।
5. सामुदायिक सहयोग: पुलिस और समुदाय के बीच सहयोग बढ़ाकर एक सुरक्षित माहौल बनाना।

## निष्कर्ष

मिशन शक्ति 5.0 महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में उत्तर प्रदेश पुलिस की एक सराहनीय और सतत प्रयास है। यह अभियान केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने का प्रयास है। महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन सुविधाओं से अवगत कराकर यह अभियान उन्हें आत्मनिर्भर और सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।